BHADOHI POLICE

दिनांक 08.05.2024 **सराहनीय कार्य, थाना गोपीगंज**

◆जनपद के रास्ते अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध भदोही पुलिस की बड़ी कार्यवाही

◆थाना गोपीगंज व एफएसटी की संयुक्त टीम द्वारा बैरियर चेकिंग के दौरान मिली महत्वपूर्ण सफलता

◆अंतर्राज्यीय मादक तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

◆कब्जे से पिट्ठू बैग में कुल-10.039 कि0ग्रा0 नाजायज अफीम बनाने हेतु पोस्ता का दूध कीमती करीब 30 लाख रुपए बरामद

◆लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत एफएसटी/एसएसटी व पुलिस टीमों द्वारा लगातार संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की, की जा रही चेकिंग

◆बिहार से सस्ते दाम पर पोस्ता का दूध खरीद कर अफीम बनाकर महंगे दामों पर करता था बिक्री

◆नाजायज कारोबार में शामिल गिरोह के अन्य सहअभियुक्तों की, की जा रही पहचान

◆गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की, की जा रही जानकारी

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व डॉ0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के रास्ते अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व मादक तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनांक-7/8.05.2024 की रात्रि में श्री प्रभात राय, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में थाना गोपीगंज व एफएसटी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रामपुर गंगा घाट बैरियर पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय मादक तस्कर मूलाराम पुत्र नंगारम निवासी अकदड़ा थाना बायतु जनपद बाड़मेर (राजस्थान) उम्र करीब 44 वर्ष को एक पिट्ठू **बैग में कुल-10.039 कि0ग्रा0 नाजायज अफीम** बनाने हेतु पोस्ता का दूध कीमती **करीब 30 लाख रुपए** के साथ गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-114/2024 धारा-8/18 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

बरामदशुदा पोस्ता का दूध औरंगाबाद, बिहार से सस्ते दाम पर खरीद कर सुखाकर, अफीम बनाकर महंगे दामों पर बिक्री करता था। नाजायज कारोबार में सम्मिलित अन्य सह अभियुक्तों की पहचान की जा रही है। अंतर्राज्यीय मादक तस्कर के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व
आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-

मूलाराम पुत्र नंगारम निवासी अकदड़ा थाना बायतु जनपद बाड़मेर (राजस्थान) उम्र करीब 44 वर्ष

यह हुआ बरामद-

पिट्ठू बैग में कुल-10.039 कि0ग्रा0 नाजायज अफीम बनाने हेतु पोस्ता का दूध कीमती करीब 30 लाख रुपए

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 जितेंद्र कुमार सिंह, उ0नि0 चंद्रमा प्रसाद यादव व आरक्षी नरेंद्र कुमार थाना गोपीगंज जनपद भदोही

2.श्री मनोज कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानपुर ब्लॉक, उप निरीक्षक महेश पाठक, मुख्य आरक्षी रामबली सिंह यादव, आरक्षी संदीप कुमार व कैमरामैन आशीष एफएसटी टीम विधानसभा ज्ञानपुर जनपद भदोही